## एक नजर में

### न्यायोत्सव : '' विधिक जागरूकता/साक्षरता शिविर एवं विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन



**आलीराजपुर** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलीराजपुर के मार्गदर्शन में ''न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह'' के अंतर्गत जिला जेल आलीराजपुर में विधिक जागरूकता/साक्षरता शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी द्वारा बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, पुनर्वास प्रक्रियाओं, नि:शुल्क विधिक सहायता व सलाह योजना, उनके लंबित प्रकरणों, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, अपील के अधिकार, प्री-मैच्योर रिलीज आदि के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों को बताया कि जेल में निरुद्ध बंदियों के संवैधानिक अधिकारों के अंतर्गत नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त करने का अधिकार, संपर्क अथवा मुलाकात का अधिकार, पढने लिखने एवं अभिव्यक्ति का अधिकार, मारपीट व प्रताडना के विरुद्ध शिकायत, व्यक्तिगत सुनवाई का अधिकार, धर्म पालन का अधिकार, उपचार का अधिकार, पुनर्स्थापना कार्य का अधिकार आदि सम्मिलित है। साथ ही जिला जेल आलीराजपुर में जेल बंदियों हेतु विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय आलीराजपुर के चिकित्सकों की टीम द्वारा जेल बंदियों की शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई तथा ब्लड सैंपल लिये गये। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी श्री जय पाटीदार , जिला जेल अधीक्षक आलीराजपुर श्री एस.बी. शरण , पैरालीगल वालेंटियर्स, जेल कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### जल, जंगल, ज़मीन और संविधान की रक्षा के लिए आदिवासी अधिकार यात्रा आज ग्राम डाबड़ी में आयोजित हजारों ग्रामीण जुटेंगे

**आलीराजपुर** । आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष महेश पटेल ने आज टाक़ीज़ चौराहे पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कल ग्राम डाबड़ी में एक विशाल जनसभा आयोजित की जा रही है। यह सभा 'आदिवासी अधिकार यात्रा, जल, जंगल, ज़मीन और संविधान की रक्षा' के तहत भूमि अधिग्रहण के खिलाफ़ आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक सभा में राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, सहप्रभारी संजय दत्त, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र सिंह 'हनी' बघेल सहित कई आदिवासी विधायक शामिल रहेंगे।महेश पटेल ने कहा कि वन विभाग द्वारा 7 नवम्बर 2025 को फिर से जारी नया आदेश, पहले जारी आदेश की ही पुनरावृत्ति है। उन्होंने प्रशासन और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि — 'यह केवल त्रुटिवश नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है, जिसके ज़रिए आदिवासियों को उनकी ज़मीन से बेदखल किया जा रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि वन विभाग के लगातार जारी हो रहे आदेशों पर अब मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री नागरसिंह चौहान दोनों को जवाब देना होगा। 'पहले नागरसिंह चौहान स्वयं वन मंत्री रहे हैं और वर्तमान में वन विभाग मुख्यमंत्री के पास है। ऐसे में यह कहना कि आदेश में गलती हुई है, जनता को भ्रमित करने जैसा है। जब विभाग मुख्यमंत्री के नियंत्रण में है, तो लगातार आदेश बिना जानकारी के कैसे जारी हो रहे हैं?

### पुलिस ने बस स्टैंड से बिछड़े दो साल के मासूम बच्चे को परिजनों से मिलाया

**आलीराजपुर**। जिला मुख्यालय पर मंगलवार की सुबह पुलिस ने संवेदनशीलता और त्वरित सक्रियता का परिचय देते हुए दो साल के मासूम बच्चे को उसके परिजनों से मिलाया। कोतवाली टीआई सोनू सिटोले ने बताया कि झाबुआ जिले के खवासा क्षेत्र के ग्राम बरवाड़ा निवासी राहुल पिता भुरु भील अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ गुजरात मजदूरी करने के लिए रात में आलीराजपुर पहुँचा था। बस न मिलने के कारण परिवार बस स्टैंड पर ही रात्रि विश्राम करने लगा। सुबह करीब 4 बजे, नींद में मासूम नारायण उठकर कहीं चला गया और परिवार से बिछड़ गया। सुबह 5 बजे, पुलिस कर्मियों को पंचमुखी हनुमान मंदिर की ओर रोता हुआ एक छोटा बच्चा दिखाई दिया। पुलिस ने जब उससे नाम-पता पूछा, तो बच्चा कुछ नहीं बता सका। सूचना मिलने पर टीआई सोनू सिटोले तत्काल मौके पर पहुँचीं। उन्होंने बच्चे को सान्त्वना दी और प्यार भरी बातों से उसे शांत कराया। इसके बाद उनके निर्देश पर पुलिस दल ने बच्चे के परिजनों की खोज शुरू की। लगभग एक घंटे की खोजबीन के बाद पुलिस जवानों ने बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय में बच्चे के माता-पिता को ढूँढ निकाला और मासूम नारायण को उन्हें सौंप दिया। बेटे को पाकर माता-पिता की आँखों में खुशी के आँसू झलक उठे। उन्होंने पुलिस का दिल से आभार व्यक्त किया। कोतवाली पुलिस की इस मानवीय पहल की नगर में सर्वत्र सराहना की जा रही है।

### एक ही रात में 100 गुंडों के घर पहुंची पुलिस



इंदौर. शहर में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने रात को बड़ी कार्रवाई की. जोन-2 की पुलिस टीमों ने एक ही रात में 100 से अधिक गुंडों के घरों पर दस्तक दी, जबकि 50 से ज्यादा संदिग्धों को थाने लाकर पूछताछ की गई. इनमें से करीब दो दर्जन लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई.झहाल ही में अपराध नियंत्रण के लिए चल रहे विशेष अभियान के तहत शहर में ड्रोन पेट्रोलिंग और सर्चिंग ऑपरेशन तेज कर दी है. बीती रात भी जोन-2 के सभी थानों में एक साथ सघन चेकिंग की गई. इस दौरान पुलिस ने 47 हॉट स्पॉट, 36 शैडो एरिया और 23 बिल्डिंग्स में तलाशी अभियान चलाया. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 42 गुंडों, 32 चाकूबाजों और 29 निगरानी बदमाशों के घर पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जांच की. कई पुराने अपराधियों को सख्त हिदायत भी दी गई. साथ ही 30 से अधिक वारंट तामील करवाए गए. एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा. उद्देश्य है कि गुंडे-बदमाशों पर पुलिस की सतत निगरानी बनी रहे और आगामी दिनों में किसी भी आपराधिक वारदात को रोका जा सके.

# कांग्रेस विस क्षेत्र की जनता के हित में सदैव तत्पर : भूरिया

## आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. भूरिया ने जनपद पंचायत झाबुआ क्षेत्र में 11 नवीन ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**झाबुआ**। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने विधानसभा क्षेत्र में सघन भ्रमण कर 11 नवीन ट्रांसफार्मरों का उद्घाटन किया है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के कार्य किए जाएंगे। विधायक निधि से जितना हो सके, उतना काम किया जा रहा है। वर्तमान में कांग्रेस की मप्र एवं केंद्र में सरकार नहीं होने के कारण भेदभाव किया जा रहा है, फिर भी कांग्रेस पार्टी विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता के हित में सदैव तत्पर है।

जानकारी देते हुए युथ कांग्रेस के जिला प्रवक्ता लोकेन्द्र बिलवाल ने बताया कि विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया द्वारा जनपद पंचायत झाबुआ की ग्राम पंचायत मानपुर, गुंदीपाड़ा, एजनपुरा, भगोर, मलवान, पिटोल, पिपलिया, पारा रोड, पानकी, कुशलपुरा, उमरी, फुलधावाड़ी आदि पंचायतों में करीब 45 लाख रू. की लागत के 11 नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर लगाए गए। इस दौरान विधायक डॉ. भूरिया ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को एसआईआर, मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झाबुआ अध्यक्ष कान्हा गुंडिया कल्याणपुरा उप-ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र गरवाल, आदिवासी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खुना भाई, युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष नटवर डोडियार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठा. निर्भ सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष शंकर भूरिया, मानसिंह मेडा, जनपद सदस्यगण एवं नगर उपाध्यक्ष वसीम सैयद, राजा कुरैशी, पुनीत भानपुरिया, झाबुआ ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मेड़ा, महेश अमलियार, पीटर वाखला, कैलाश सेमलिया आदि थे।



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

▶ आगामी जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों के दिए निर्देश

**आलीराजपुर** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज कानून व्यवस्था के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस वीसी में कलेक्टर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह, जिला पंचायत सीईओ प्रखर सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल ने आलीराजपुर एनआईसी कक्ष से वर्चुअली सहभागिता की।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक के दौरान दिल्ली में हुई घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस प्रशासन को प्रदेश के संवेदनशील स्थलों, पार्कों, रेलवे स्टेशनों एवं आसपास के क्षेत्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ।

# भाजयुमो द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन 14 नवंबर को

▶ अधिकाधिक संख्या में सभी पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं और युवाओं से भाग लेने की अपील

**झाबुआ**। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभवसिंह पंवार के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला इकाई द्वारा 14 नवंबर, शुक्रवार दोपहर 12 बजे से स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसका विषय 'आत्मनिर्भर भारत' रखा गया है।

जानकारी देते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान एवं जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा देश और मप्र को आत्मनिर्भर बनाने हेतु लगातार आव्हान किया जा रहा है। वहीं केंद्र एवं मप्र सरकार द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, लोकल फॉर वोकल और मेड इन इंडिया पर फोक्स करते हुए देश को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में पहल की जा रहीं है। इसी क्रम में भाजयुमो जिला इकाई द्वारा 14 नवंबर, शुक्रवार को 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर युवाओं को जागरूक करने एवं देश निर्माण में युवाओं की भूमिका के मद्देनजर जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त सम्मेलन में युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ जिले के सभी युवाओं से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता करने हेतु अपील की है।

# मालवा प्रांत के 18 जिलों के चयनित कुल 160 विद्यार्थी लेंगे भाग

▶ भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में अभाविप द्वारा 13 नवंबर को जनजातिय छात्र पंचायत का होगा आयोजन



**झाबुआ**। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा जनजातीय छात्र पंचायत का आयोजन 13 नवंबर, गुरूवार सुबह 10 बजे से गैल तिराहे के समीप श्री बालाजी हनुमान मंदिर जेल बगीचा पर किया जाएगा। इस पंचायत में मालवा प्रांत के 18 जिलों के चयनित कुल 160 छात्र-छात्राएं एवं प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

उक्त आयोजन के संबंध में अभाविप द्वारा वार्ता का आयोजन स्थानीय गोपाल कॉलोनी स्थित संगठन कार्यालय पर किया गया। जिसमें जानकारी देते हुए अभाविप के प्रांत मंत्री दर्शन कहार ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती पूरे देशभर में उत्साह, उल्लास और विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के साथ मनाई जा रहीं है। मालवा प्रांत जनजातिय बाहुल प्रांत है। इसमें 10 से अधिक ऐसे जिले है, जो जनजातिय बाहुल क्षेत्र है। इसमें जनजातिय समाज की वर्तमान परिस्थितियों, चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जनजातिय छात्र पंचायत का आयोजन संगठन द्वारा किया जा रहा है। यह पंचायत जनजाति समाज के छात्रों की विकास की दृष्टि से उचित मंच एवं समाधान के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इस अवसर पर अभाविप की विभाग छात्रा प्रमुख भूमिका पंवार ने बताया कि इस हेतु अभाविप द्वारा 13 नवंबर, गुरूवार सुबह 10 बजे से झाबुआ में श्री बालाजी हनुमान मंदिर जेल बगीचा पर जनजातिय छात्र पंचायत का भव्य स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मालवा प्रांत में जनजातिय समाज के अपेक्षित विद्यार्थी एवं चयनित प्रतिनिधि 12 नवंबर, रात तक झाबुआ पहुंचेंगे।

**इन जिलों के 160 विद्यार्थी होंगे शामिल**

परिषद् के जिला संयोजक अजय भूरिया ने बताया कि जनजातिय छात्र पंचायत में मालवा प्रांत के इंदौर एवं उज्जैन संभाग से 18 जिलों में इंदौर, धार, महू, कुक्षी, झाबुआ, आलीराजपुर, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, उज्जैन, उज्जैन ग्रामीण, आगर मालवा, देवास, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, रतलाम से कुल 106 छात्र एवं 54 छात्र, इस प्रकार कुल 160 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। जनजातिय छात्र पंचायत में अपेक्षित सभी विद्यार्थियों एवं प्रतिनिधियों को अपने-अपने जिले में भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता करके आना अनिवार्य है।

# रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**झाबुआ, 11 नवम्बर 2025। मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशों एवं कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर 11 से 15 नवम्बर 2025 तक जिलेभर में रथ यात्राएं आयोजित की जा रही हैं।**

उसी क्रम में विकासखण्ड झाबुआ अंतर्गत रथ यात्रा एवं पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन एवं विकासखण्ड स्तरीय विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में रथ यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह यात्रा ग्राम पंचायत भीमफलिया (पिटोल बेरियर) से प्रारंभ होकर निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विकासखण्ड झाबुआ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन पहुंचेगी तथा 15 नवम्बर 2025 को ग्राम पंचायत आंबाखोदरा में सम्पन्न होगी। नवीन कन्या महाविद्यालयीन छात्रावास झाबुआ की छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुत किया। रथ यात्रा में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में जनजातीय गौरव, एकता एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है।

यात्रा के दौरान जनजातीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक नेतृत्व एवं समन्वय करेंगे। यात्रा के रूट में आने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिवारों का सम्मान किया जाएगा ।

### नगरपालिका द्वारा छोटे तालाब को कांजी, गाद और कूड़े-कचरे से किया जा रहा मुक्त

**झाबुआ**। शहर के सज्जन रोड़ पर छोटा तालाब पिछले काफी दिनों से कांजी, गाद और कूड़े-कचरे से पट गया था। जिसकी शहर के जागरूक नागरिकों द्वारा शिकायत के बाद नगरपालिका द्वारा पूरे तालाब की सफाई का विशेष अभियान संचालित किया गया है। जिसके अंतर्गत नपा की स्वच्छता शाखा द्वारा तालाब में जमा कांजी, गाद और किनारों पर पसरे कूड़े-कचरे को साफ कर तालाब को पुन: मूल स्वरूप में लाने के प्रयास किए जा रहे है।नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी एवं सीएमओ मिलन पटेल के निर्देश पर स्वच्छता शाखा द्वारा तालाब के आसपास पसरे स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया है।





# नगरपालिका की कड़ाके की ठंड के मद्देनजर विशेष पहल

**झाबुआ**। नगरपालिका परिषद् झाबुआ द्वारा शीत ऋतु में कड़ाके की ठंड के दृष्टिगत विशेष पहल की जा रहीं है।जिसमें शहर के सार्वजनिक स्थानों पर घूमने एवं विश्राम करने वाले लोगों को सुबह एवं रात में लगने वाली कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु नगरपालिका के आश्रय स्थल में रूकने हेतु समझाईश दी जा रहीं है।

यह अभियान नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी एवं सीएमओ मिलन पटेल के निर्देश पर राजस्व एवं लोक निर्माण शाखा द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें नपा के कर्मचारियों द्वारा शहर के बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतिक्षालय, जिला चिकित्सालय परिसर, दिलीप क्लब प्रांगण सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु नगरपालिका के आश्रम स्थल पर रूकने हेतु सलाह देकर अपील की जा रहीं है।



### कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि विभाग व व्यापारिय संघ की बैठक

**आलीराजपुर** । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर वीसी कक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय अनाज व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने व्यापारियों को निर्देश दिए कि किसानों की उ?च गुणवत्ता युक्त फसलों का मॉडल रेट से अधिक कीमत देने का प्रयास करें ताकि उन्?हे अपनी सोयाबीन फसल से लाभ हो सके । इस दौरान उन्होंने समस्त व्यापारियों को सूचित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसान की फसल फार्म गेट एप के माध्यम से खरीदना सुनिश्चित करें ताकि किसानों के आवगमन के खर्च और बिचौलियों से बचकर बेहतर दाम प्राप्त कर सकें ।

# सॉइल हेल्थ कार्ड योजना से रामसिंह बने प्रगतिशील किसान

**आलीराजपुर** । आलीराजपुर जिले के ग्राम उदयगढ़ के रहने वाले किसान श्री रामसिंह पिता भूरसिंह ने अपने दृढ़ संकल्प और वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता से यह साबित किया है कि सही मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीक से कृषि में आर्थिक समृद्धि हासिल की जा सकती है। रामसिंह बताते हैं कि पहले वे पारंपरिक तरीके से खेती करते थे और अनुमान के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करते थे, जिससे उत्पादन भी कम मिलता था और लागत भी अधिक आती थी। रामसिंह को कृषि विभाग द्वारा मिट्टी परीक्षण करने की योजना का पता चला।कृषि विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने अपने खेत की मिट्टी की जाँच करवाई और सॉइल हेल्थ कार्ड प्राप्त किया। कार्ड के परिणामों के आधार पर उन्होंने कृषि अधिकारियों से मार्गदर्शन लेते हुए केवल उन्हीं पोषक तत्व वाले उर्वरकों का उपयोग किया जिनकी मिट्टी में कमी थी। इससे न केवल उर्वरक की अनावश्यक खपत कम हुई बल्कि कृषि लागत में भी कमी आई। मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट से उन्हें पता चला कि उनके क्षेत्र की मिट्टी में जिंक, नाइट्रोजन, बोरॉन तथा आर्गेनिक कार्बन की कमी है। कृषि अधिकारी की सलाह पर उन्होंने इन सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति की जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि आज उनकी फसल पहले की तुलना में अधिक उपज देने लगी है। उन्होंने बताया संतुलित उर्वरक प्रयोग के कारण खेत की मिट्टी अधिक उपजाऊ हो गई है। साथ ही खेत के आसपास के कुओं, तालाबों का जल भी स्वच्छ रहने लगा है।

**एक नजर** प्रत्येक दिवस में बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यो की भी समीक्षा की जाएगी

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में एसआईआर प्रगति कार्य की समीक्षा की



**आलीराजपुर** । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नीतू माथुर ने आज वीसी के माध्यम से तहसीलवार विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया की समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली ।

इस दौरान उन्होंने समस्त अनुविभागीय एवं तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा में समस्त नागरिकों का सत्यापन करना सुनिश्चित करें साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को प्री प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध हो इसका विशेष ध्यान दे। जिन नागरिकों द्वारा फार्म में चाही गई जानकारी अंकित की गई है तो उनसे फार्म एकत्रित करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए साथ ही बीएलओ एप पर डिजिटाइज किए जाए । प्रत्येक दिवस बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की जाएगी सभी बीएलओ इस कार्य में लापरवाही न बरते इसे गंभीरता से लेकर कार्य पूर्ण करें ।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर ने बताया कि जिले के नागरिक जो रोजगार या अन्य किसी कारण से पलायन कर चुके है उनके लिए जिला स्तरीय कॉल सेंटर का निर्माण कर उन्हें इस प्रक्रिया में भाग लेना का आग्रह किया जाएगा साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए की वह इसी जिले के निवासी है , जिससे कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे और अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें ।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर पहुंचे तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं ।

यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नागरिक के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे।

### राशि बढ़कर 1500 रू. होने से महिलाएं बनेगी सशक्त और आत्मनिर्भर : मंत्री निर्मला

**झाबुआ**। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10 नवंबर, सोमवार शाम राजधानी भोपाल में केबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी लाडली बहना योजना की राशि नवंबर माह से 250 रू. बढ़ाकर 1500 रू. कर दी गई है। इस हेतु मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मप्र सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि लाडली बहनों की राशि 1500 रू. प्रतिमाह होने से महिलाएं सशक्त होने के साथ आत्मनिर्भर बनेगी।

केबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि केंद्र एवं मप्र की भाजपा सरकार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सत्त कार्यरत है। देश के प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्तमान में महिलाओं की हर संभव मद्द करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में नि:शुल्क गैस कनेक्शन, सब्सिड़ी का लाभ देने के साथ प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना और मप्र सरकार द्वारा लाडली बहना योजना अंतर्गत मप्र की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बनाने की दिशा में अनूठी पहल की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केबिनेट बैठक में की गई घोषणा अनुसार लाडली बहनों को नवंबर माह से 250 रू. राशि बढ़कर अब दिसंबर में 1500 रू. हितग्राहियों के खाते में जमा होंगे।